# वेब-फिल्म दोनों का हिस्सा बनने से बहुत खुश हूं: अक्षय कुमार

वेब सीरीज के लिए हामी भरने के बाद अभिनेता अक्षय कुमार अपनी अगली फिल्म केसरी की रिलीज की तैयारी में जुटे हैं। उनका कहना है कि वे वेब और फिल्म दोनों का हिस्सा बनने पर काफी खुश हैं। डिजिटल जगत में अक्षय के प्रवेश ने देश में हलचल मचा दी है। इससे जुड़ने के लिए आपको किसने प्रेरित किया, जिस पर अक्षय ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो इस दिशा में सोचने और डिजिटल जगत में बढ़ने के लिए मेरा बेटा आरव सबसे बड़ी वजह रहा। यह एक ऐसी जगह है, जहां युवा बड़ी संख्या में है और मेरी यहां कुछ असाधारण करने की इच्छा है, ताकि मैं उनसे जुड़ सकूं। इसमें बहुत सारा एक्शन है और फिलहाल मैं इतना ही खुलासा कर सकता हूं। क्या आपको लगता है कि फिल्मों का भविष्य डिजिटल जगत में है? या आप भी मानते हैं कि फिल्मी थिएटर के जादू को कभी नहीं मिटाया जा सकता?

अक्षय ने कहा, मेरी यहां मिली-जुली राय है। मेरे अंदर का अभिनेता चाहेगा और ये विश्वास करना पसंद करेगा कि फिल्मी थिएटरों का जादू कभी फीका नहीं पड़ेगा, लेकिन मैं यह भी कहना चाहता हूं कि डिजिटल जगत में बहुत सा कंटेंट आ रहा है और यह कुछ ऐसा है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। और अगर मैं दोनों का हिस्सा बन सकता हूं तो फिर मैं ऐसा क्यों न करूं? वर्ष 2018 में आपकी तीन सफल फिल्में आई थीं। 2019 के लिए केसरी आपकी पहली फिल्म है, जो कि ब्लॉकबस्टर लग रही है। केसरी से आपको क्या उम्मीद है?

इसके जवाब में उन्होंने कहा, केसरी मेरे लिए एक बहुत ही विशेष फिल्म है। ये मेरी पहली वार ड्रामा है। यह एक ऐसी फिल्म है, जिससे मैं भावनात्मक रूप से जुड़ा हूं। मैंने ये फिल्म क्यों चुनी इसका जवाब आपके सवाल में ही है। मैं हैरान था कि इतनी शानदार और बहादुरी से भरी कहानी को बहुत कम लोग जानते हैं और वास्तव में मैं इस कहानी को दर्शकों के साथ साझा करने को लेकर बहुत गर्व और उत्साहित महसूस कर रहा हूं। यह पूछने पर कि मिशन मंगल में आप एक असल-जिंदगी के अंतरिक्ष यात्री का किरदार निभा रहे हैं और फिल्म कई अभिनेत्रियां आपके साथ पर्दे पर मुख्य भूमिका निभा रही हैं। क्या यह कहना सही होगा कि हाल के वक्त में आपकी यह पहली फिल्म है, जिसमें महिलाएं प्रमुख किरदारों में हैं?

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



जिसपर अभिनेता ने कहा, मैं यहां आपको सही करना चाहूंगा। मिशन मंगल में मैं अंतरिक्ष यात्री नहीं बल्कि एक वैज्ञानिक का किरदार निभा रहा हूं और हां, मैं इसमें कई महिला सह कलाकारों के साथ काम कर रहा हूं। खैर यह कभी भी जानबूझकर किया गया फैसला नहीं रहा। मैं वहीं फिल्म करता हूं, जो मुझे उत्साहित करती है। उदाहरण के लिए मैं नाम शबाना का भी हिस्सा रहा था, जहां मैंने फिल्म का केंद्र किरदार निभाया था और मेरी महिला सहकलाकार तापसी पन्नू को अधिक महत्वपूर्ण किरदार निभाना था। तो ये ऐसा है।



# कलंक में एक खास रोल को देखने के लिए बेहद उत्साहित हैं जाह्नवी कपूर

दिवंगत अभिनेत्री श्रीदेवी की बेटी जाह्नवी कपूर ने बॉलीवुड में एक अलग पहचान बना ली है। फिल्म धड़क में लोगों ने उनकी भूमिका को खूब सराहा था। फैंस तो उनमें उनकी मां श्रीदेवी की झलक दिखने की भी बात करते हैं। इसके अलावा सोशल साइट्स पर भी उनके काम की खूब तारीफें होती हैं। वहीं अपनी फेम को लेकर एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर का कहना है कि वह बस अपने काम को बेहतर करने की कोशिश करती हैं। इसके अलावा उन्होंने फिल्म कलंक को देखने की भी उत्सुकता जाहिर की। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान जाह्नवी कपूर ने बताया था कि वह अभिषेक वर्मन की फिल्म कलंक की रिलीज का बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रही हैं।

जाह्नवी कपूर ने बताया कि वह कलंक में खासतौर पर माधुरी दीक्षित की भूमिका को देखने का इंतजार कर रही हैं। उन्होंने कहा कि फिल्म का टीजर और सॉन्ग देखकर काफी अच्छा लगा। अब इंतजार है तो फिल्म के रिलीज होने का।

बता दें कि फिल्म में माधुरी बेगम बहार की भूमिका निभा रही हैं। इस किरदार को पहले श्रीदेवी करने वाली थीं। लेकिन उनके निधन के बाद इस रोल के लिए माधुरी को चुना गया।

जाह्नवी कपूर के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह जल्दी ही भारतीय वायुसेना की जाबांज पायलट गुंजन सक्सेना की बायोपिक कारगिल गर्ल में नजर आएंगी। इसके अलावा वह करण जौहर की फिल्म तख्त में भी दिखाई देंगी। इसमें रणवीर सिंह, आलिया भट्ट, विकी कौशल सहित अन्य कलाकार शामिल हैं।

# बॉलीवुड में आगाज करने के लिए तैयार हैं कीर्ति सुरेश

दक्षिण भारतीय अभिनेत्री कीर्ति सुरेश अजय देवगन के अपोजिट हिंदी फिल्म में आगाज करेंगी। फिल्म के निर्देशक अमित शर्मा हैं। अजय फिल्म में भारतीय फुटबॉल टीम के कोच रह चुके सैयद अब्दुल रहीम की भूमिका में हैं जबकि कीर्ति उनकी पत्नी की भूमिका में हैं। कीर्ति ने एक बयान में कहा, मैं इस तरह की एक बेहतरीन कहानी का हिस्सा बनने को लेकर खुशी और सम्मानित महसूस कर रही हूं। यह फिल्म भारतीय इतिहास में एक भुला दिया गया अध्याय है और मुझे खुशी है कि निर्माताओं ने इस कहानी को बताने के लिए चुना है। यह एक ऐसी फिल्म है जो हर भारतीय को गर्व महसूस कराएगी। अभिनेत्री ने कहा कि अजय देवगन जैसे बेहद प्रतिभाशाली अभिनेता के साथ काम करना उनके लिए बड़े सम्मान की बात है। रहीम के बायोपिक की शूटिंग जून में शुरू होगी। फिल्म का निर्माण आकाश चावला और अरुणव जॉय सेनगुप्ता के साथ बोनी कपूर कर रहे हैं।



# जासूस का किरदार निभायेंगे अर्जुन कपूर

बॉलीवुड अभिनता अर्जुन कपूर सिल्वर स्क्रीन पर जासूस की भूमिका निभाते नजर आएंगे। बॉलीवुड निर्देशक राजकुमार गुप्ता इन दिनों क्राइम ड्रामा इंडियाज़ मोस्ट वांटेड बना रहे हैं। इस फिल्म में अर्जुन कपूर लीड रोल में हैं। फिल्म इंडियाज़ मोस्ट वांटेड की कहानी सच्ची घटनाओं पर आधारित होगी। फिल्म में अर्जुन का नाम प्रभात है। ये रवींद्र कौशिक नाम के एक जासूस के सच्ची कहानी है। कौशिक रंगकर्मी रहे। लखनऊ में इंटेलिजेंस के अधिकारियों ने उन्हें नाटक का मंचन करते देखा था। उन्हें दिल्ली में दो साल की ट्रेनिंग दी गई और बाद में रॉ ने उन्हें 23 साल की उम्र में पाकिस्तान भेजा, नबी अहमद शाकिर बना कर। कौशिक ने वहां की एक लड़की से शादी कर ली और पहले पाकिस्तानी आर्मी में क्लर्क बना और फिर मेजर। वर्ष 1972 से 1983 तक कौशिक ने भारतीय खुफ़िया अधिकारियों को कई बड़ी जानकारियां दीं। बाद में पाकिस्तानी सेना ने उन्हें रंगे हाथों पकड़ लिया। कौशिक का 47 साल की उम्र में पाकिस्तान की जेल में निधन हो गया। उन्होंने बिना एक भी गोली चलाये कुख्यात आतंकी को पकड़वाया था।